Title:Need for construction of flyovers on rail line at Dabwali and Sirsa in Haryana.

डॉ. सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा) : अध्यक्ष महोदय, सिरसा एवं डबवाली नगरों में रेल मार्ग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 10 दोनों शहर डबवाली और सिरसा के बीचों बीच से गुजरता है। जब रेल गाड़ी इन सड़कों को क्रास करती है तो यहां का यातायात उस समय रुकने के लिए विवश हो जाता है। वास्तविकता तो यह है कि जैसे ही रेलगाड़ी के आगमन की सूचना आती है, उपरोक्त दोनों शहरों में यातायात अस्त-व्यस्त हो जाता है। घंटों तक सड़कों पर जाम लग जाता है। संयोग है कि ये दोनों शहर व्यापारिक लिहाज से विशो महत्व रखते हैं। इनके निकट दर्जनों गांव एवं छोटे-छोटे कस्बे हैं जहां के हजारों लोग अपनी आवश्यकताओं की आपूर्ति के लिए इन् शहरों में आते हैं। इस कारण इन शहरों में यातायात अपेक्षाकृत अधिक भी है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों उपरोक्त शहरों में रेलवे लाइन के ऊपर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पर "फ्लाईओवर" बनाया जाये ताकि यहां के नागरिकों को होने वाली असुविधा से राहत मिल सके।